कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/माध्य/छाप्रोप/स/60125/ गार्गी पुरस्कार/2018–19 दिनांकः– 28.09.2018

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(माध्यमिक–प्रथम)

विषयः– गार्गी पुरस्कार समारोह 2018–19 को दिनांक 04.10.2018 तक जिलास्तर एवं पंचायत समिति स्तर पर आयोजित करने के क्रम में दिशानिर्देश।

प्रसंगः– प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक प. 2/बा.शि.फा./गार्गी/2017–18/908/दिनांक 28.09.2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रांसगिक पत्र संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि **सत्र 2018–19 गार्गी पुरस्कार व बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह दिनांक 04.10.2018 तक जिलास्तर एवं पंचायत समिति स्तर पर आयोजित** किया जावें। वर्ष 2018–19 में माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा तथा उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त राजकीय/गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं की सूची माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर से प्राप्त कर के आपको **दिनांक 20.09.2018** को प्रेषित कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा की बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार स्वरूप 3000– रु के चैक एवं प्रमाण पत्र तथा उच्च माध्यमिक की बालिकाओं बालिका प्रोत्साहन स्वरूप 5000 रु के चैक एवं प्रमाण पत्र दिये जाते है तथा वर्ष 2017 में माध्यमिक शिक्षा/ प्रवेशिका परीक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को कक्षा–11 में नियमित अध्ययनरत रहने पर प्रथम किश्त का भुगतान किया गया था। ये छात्राएं वर्तमान सत्र–2017–18 में कक्षा–12 में नियमित अध्ययनरत है, उन्हे द्वितीय किश्त की राशि रुपये 3000/– देय है। उक्त छात्राओं की सूची आपको गत वर्ष भेज दी गई थी। यदि इनमें से कोई छात्रा कक्षा–11 में अनुत्तीर्ण हो गई हो या राज्य में कहीं भी नियमित अध्ययनरत नहीं है तो उन्हे पुरस्कार देय नहीं होगा। यह पुरस्कार वितरण का स्थान निश्चित करके छात्राओं को सूचना प्रेषित की जावे तथा इसकी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया जावें ताकि बालिकाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस वर्ष के प्रमाण पत्रों एवं पुरस्कार राशि के चैको का वितरण दिनांक 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूम्बर 2018 (राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, एकलव्य भवन, शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन.मार्ग,जयपुर में) को किया जावेगा। निर्धारित दिनांक को समस्त जिशिअ अपने सम्बधित कार्मिक को भेज कर प्रमाण पत्रों एवं पुरस्कार राशि के चैको की संख्या के अनुसार **राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, एकलव्य भवन, शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन.मार्ग,जयपुर** से प्राप्त कर लेवें।

गार्गी पुरस्कार समारोह में अनुपस्थित बालिकाओं के चैकों का वितरण भी समय पर किया जावें ताकि चैक अवधि पार न हो। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर से प्राप्त सूची में यदि किसी बालिका का नाम नहीं है और वालिका पुरस्कार के लिए पात्र है तो उसकी सूचना तथा गत वर्ष जिन बालिकाओं के प्रथम किस्त के अतिरिक्त चैक दिए गये थे उन्हे द्वितीय किस्त दी जानी है उनकी सूची भी बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान जयपुर की ई–मेल balikasf@gmail.com पर भिजवावें ताकि उनके चैक भी समय पर तैयार कर सके।

www.rajteachers.com

(नथमल डिडेल)
I.A.S
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –
1.सचिव, बालिका शिक्षा फाउण्डेशन, शिक्षा संकुल, परिसर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर

28-9-18
प्रभारी अधिकारी
छात्रवृत्ति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर